जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें।

**2021**

कोड : **RRST-02**

विषय : **सामान्य हिन्दी**

सीरीज़ **D**

Question Booklet No. / प्रश्न पुस्तिका संख्या 4457988

समय : 1 घण्टे

पूर्णांक : 60

अपना अनुक्रमांक सामने बॉक्स के अन्दर लिखें — अंकों में / शब्दों में

प्रश्नों के उत्तर के लिये केवल काले बॉल–प्वॉइंट पेन का प्रयोग करें।

अभ्यर्थी उत्तर–पत्रक पर उत्तर देने से पहले सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें।

आपको अपने सभी उत्तर केवल उत्तर–पत्रक पर ही देने हैं। परीक्षा के उपरांत उत्तर–पत्रक की मूल प्रति निरीक्षक को सौंप दें।

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दें। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
2. उत्तर–पत्रक पर अभ्यर्थी अपना अनुक्रमांक, विषय, प्रश्न–पत्र का सही कोड एवं सीरीज़ अंकित करें अन्यथा उत्तर–पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा और उसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।
3. **इस परीक्षण पुस्तिका में 60 प्रश्न हैं।** प्रत्येक प्रश्न के चार (4) वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे दिए गए हैं। इन चारों में से केवल एक ही सही उत्तर है। जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, उत्तर–पत्रक में उसके अक्षर वाले वृत्त को काले बॉल–प्वॉइंट पेन से पूरा काला कर दें।
4. अनुक्रमांक के अलावा परीक्षण पुस्तिका के कवर पेज पर कुछ न लिखें। रफ कार्य के लिए परीक्षण पुस्तिका के अन्त में दिए गए पृष्ठ का प्रयोग करें।
5. परीक्षण पुस्तिका खोलने के तुरन्त बाद जाँच करके देख लें कि परीक्षण पुस्तिका के सभी पेज भली–भाँति छपे हुए हैं। यदि परीक्षण पुस्तिका में कोई कमी हो, तो निरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज़ व कोड की दूसरी पुस्तिका प्राप्त कर लें।
6. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**
   **उत्तर–पत्रक में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**
   (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक–तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।
   (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।
   (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा।

जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें।

***Note : English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.***

1. 'जो तोला जा सके' के लिए एक शब्द होगा –
   (a) अपरिमेय
   (b) अनुमेय
   (c) परिमेय
   (d) विनिमय
2. एक की वर्तनी शुद्ध है –
   (a) अधिकारिक
   (b) आधिकारिक
   (c) अधिकारक
   (d) अधीकारिक
3. इनमें से विलोम शब्दों का एक सही युग्म है –
   (a) आपत्ति – विपत्ति
   (b) अवर्षण – अनावर्षण
   (c) गणतन्त्र – जनतन्त्र
   (d) आदृत – तिरस्कृत
4. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –
   (a) अधिन्
   (b) अधीन
   (c) आधीन
   (d) आधिन
5. निम्नलिखित शब्दों में से तत्सम शब्द है –
   (a) जोगी
   (b) जोबन
   (c) जमाई
   (d) यौवन
6. 'चौथा' का तत्सम शब्द है –
   (a) चतुष्पद
   (b) चतुष्क
   (c) चतुष्काठ
   (d) चतुर्थ
7. निम्नलिखित में 'पृथ्वी' का पर्यायवाची शब्द नहीं है –
   (a) इला
   (b) अचला
   (c) अचल
   (d) अवनि
8. 'आधुनिक' का विलोम है –
   (a) समीचीन
   (b) अर्वाचीन
   (c) प्राचीन
   (d) समसामयिक
9. 'बिजली' का पर्याय है –
   (a) शर्वरी
   (b) तनया
   (c) रमणी
   (d) दामिनी
10. 'सब कुछ जानने वाले' के लिए एक शब्द है –
    (a) ज्ञानी
    (b) महाज्ञानी
    (c) सर्वज्ञ
    (d) जानकार
11. 'बिना पलक झपकाए' के लिए एक शब्द होगा –
    (a) चकित
    (b) देखते रहना
    (c) विपलक
    (d) निर्निमेष
12. 'अमृत' का विलोम है –
    (a) अर्क
    (b) पीयूष
    (c) मधुर
    (d) विष
13. निम्नांकित में से तदभव शब्द चुनिए –
    (a) बलवान
    (b) बाँझ
    (c) चमचा
    (d) आसमान

14. जिसकी विशेषता बतायी जाये, उसे कहते हैं –

(a) विशेषण (b) विशेष्य

(c) सर्वनाम (d) विशेषक

15. निम्नलिखित में एक वाक्य जो शुद्ध है, वह है –

(a) उस जंगल में प्रातःकाल का दृश्य बहुत ही सुहावना होता था।

(b) बाघ और बकरी एक घाट पर पानी पीती हैं।

(c) उन्होंने इस बात पर आपत्ति प्रकट की।

(d) तमाम देश भर में यह बात फैल गयी।

16. 'अनुग्रह' का उपयुक्त विपरीतार्थक शब्द होगा –

(a) विग्रह (b) आग्रह

(c) परिग्रह (d) संग्रह

17. 'कर्पट' का तद्भव रूप है –

(a) कपट (b) कारपेट

(c) कपूर (d) कपड़ा

18. इनमें से 'प्रथम' का उपयुक्त विपरीतार्थक शब्द होगा –

(a) प्रधान (b) गौण

(c) अंतिम (d) प्रत्यक्ष

19. 'प्रयागराज में दसवाँ व्यक्ति कोरोना पीड़ित है।', में 'दसवाँ' शब्द है –

(a) गणनावाचक विशेषण (b) क्रमवाचक विशेषण

(c) आवृत्तिवाचक विशेषण (d) समुदायवाचक विशेषण

20. 'तिमिर' का पर्यायवाची है –

(a) प्रकाश (b) रात्रि

(c) सूर्य (d) अन्धकार

21. 'सौ गुना लम्बा' में विशेषण का कौन सा भेद है?

(a) गणनावाचक (b) क्रमवाचक

(c) आवृत्तिवाचक (d) सम्पूर्णतावाचक

22. एक वाक्य में विशेषण अशुद्ध है, वह है –

(a) सुन्दरी लड़की (b) सुन्दर लड़की

(c) सुन्दर लड़का (d) सुन्दर लड़के

23. निम्नांकित में एक वाक्य जो शुद्ध है, वह है –

(a) मैं अनेकों बार विदेश गया। (b) इस हीरे का मूल्य नापा नहीं जा सकता।

(c) बिना टिकट यात्रा दण्डनीय है। (d) आप केवल इतना ही काम कर दीजिए।

24. निम्नलिखित में एक वाक्य जो शुद्ध है, वह है –

(a) उसने मुक्तकण्ठ से बड़ाई की। (b) उसने मुक्तहस्त धन लुटाया।

(c) समस्त प्राणिमात्र का कल्याण करो। (d) आपकी आयु चालीस वर्ष है।

25. निम्नलिखित में से तद्भव शब्द है –

(a) अंगना (b) गयंद

(c) अंगी (d) वानर

26. इनमें से 'खेलना' शब्द से बना विशेषण है –
(a) दयालु
(b) कृपालु
(c) खिलाड़ी
(d) धार्मिक

27. 'जो युद्ध में स्थिर रहता है' इन अनेक शब्दों के लिए एक शब्द है –
(a) युद्ध स्थित
(b) युद्ध स्थिरी
(c) युधिष्ठिर
(d) युद्ध प्रेमी

28. 'चोर' का पर्यायवाची शब्द है –
(a) खनक
(b) उदक
(c) धूसर
(d) थलचर

29. निम्नलिखित में 'विशेष्य' शब्द है –
(a) विपन्न
(b) वादी
(c) विशिष्ट
(d) मानस

30. 'वह कवि जो तत्काल कविता करे' के लिए एक शब्द है –
(a) सुकवि
(b) रससिद्ध कवि
(c) महाकवि
(d) आशुकवि

31. 'जो ईश्वर में विश्वास रखता हो' के लिए एक शब्द है –
(a) आस्थावान
(b) आस्तिक
(c) विश्वासी
(d) आसुरी

32. 'पाण्डु' शब्द विशेषण की दृष्टि से है –
(a) केवल विशेषण
(b) केवल विशेष्य
(c) विशेषण और विशेष्य दोनों
(d) उपर्युक्त में से एक भी नहीं

33. इसमें से शुद्ध वर्तनी का शब्द है –
(a) रचइता
(b) अनाधिकार
(c) चिन्ह
(d) अनुकूल

34. 'चन्द्रहास' का पर्यायवाची शब्द है –
(a) तीर
(b) तलवार
(c) भाला
(d) धनुष–बाण

35. 'जीभ' का पर्यायवाची है –
(a) वचन
(b) रसना
(c) ध्वनि
(d) जीव

36. इनमें से 'वसुधा' का पर्यायवाची शब्द है –
(a) विपुला
(b) शर्वरी
(c) धेनुका
(d) पयस्विनी

37. 'गोधूम' का तद्भव शब्द है –
(a) गोत
(b) गोद
(c) गेहूँ
(d) गोह

38. 'नैसर्गिक' का विपरीतार्थक शब्द है –
(a) अनुर्वर
(b) आविर्भाव
(c) प्राकृत
(d) कृत्रिम

39. 'अपर्णा' शब्द का पर्यायवाची है –

(a) औरत
(b) देवांगना
(c) आराधना
(d) पार्वती

40. निम्नलिखित में से एक शब्द विशेषण नहीं है –

(a) अकूत
(b) अचार
(c) अकर्ण
(d) अचंड

41. 'जो किसी विषय का ज्ञाता हो' के लिए एक शब्द है –

(a) अभिज्ञ
(b) चैतन्य
(c) विशिष्ट
(d) विशेषज्ञ

42. 'उत्तराधिकार में प्राप्त सम्पत्ति' – इन अनेक शब्दों के लिए एक शब्द है –

(a) धरोहर
(b) उत्तराधिकृत
(c) रिक्थ
(d) परिसम्पत्ति

43. निम्नलिखित में से तद्भव शब्द है –

(a) नग्न
(b) दक्षिण
(c) द्राक्षा
(d) दाढ़ी

44. निम्नलिखित विकल्पों में से 'चंचरीक' शब्द का पर्यायवाची चुनिए –

(a) हवा
(b) भ्रमर
(c) मित्र
(d) पुत्र

45. 'गौरव' का विपरीतार्थक शब्द है –

(a) वैभव
(b) लाघव
(c) पराभव
(d) निर्मोक

46. 'जिसकी आशा न की गई हो' के लिए उपयुक्त एक शब्द है –

(a) आशातीत
(b) अप्रत्याशित
(c) आशान्वित
(d) प्रत्याशा

47. निम्नलिखित में 'तत्सम' शब्द है –

(a) पंक्ति
(b) पंख
(c) पंदरह
(d) पंगत

48. 'प्रताप सिंह का घोड़ा काला है।' – इनमें 'काला' शब्द विशेषण की दृष्टि से है –

(a) सार्वनामिक
(b) क्रमबोधक
(c) विधेय विशेषण
(d) विशेष्य विशेषण

49. 'कोई आदमी आया है' वाक्य में प्रयुक्त विशेषण है –

(a) अनिश्चयवाचक
(b) निश्चयवाचक
(c) प्रश्नवाचक
(d) संबंधवाचक

50. 'कम बोलने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द है –

(a) मितभाषी
(b) मृदुभाषी
(c) बहुभाषी
(d) अभाषी

51. निम्नलिखित में 'हस्ती' किस शब्द का तत्सम रूप है?

(a) हाथ
(b) हार
(c) हाथी
(d) हँसी

52. निम्नलिखित में से किस शब्द की वर्तनी अशुद्ध है?

(a) याज्ञवल्क
(b) सदृश
(c) हस्तक्षेप
(d) गृहिणी

53. 'सदाचार' का विलोम है –

(a) आचार
(b) कदाचार
(c) अपराध
(d) अन्याय

54. 'घोड़ा' का उपयुक्त तत्सम शब्द है –

(a) अश्व
(b) घोटक
(c) तुरंग
(d) बाजी

55. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है –

(a) पूज्यनीय
(b) तत्कालिक
(c) प्रामाणिक
(d) पैत्रिक

56. निम्नलिखित में से एक वर्तनी शुद्ध है –

(a) नुपूर
(b) स्मर्ण
(c) कवयित्री
(d) परिस्थिती

57. 'अनुरक्ति' का विपरीतार्थक शब्द है –

(a) आसक्ति
(b) प्रशस्ति
(c) विरक्ति
(d) प्रकृति

58. 'आवर्तक' का विपरीतार्थक शब्द है –

(a) प्रवर्तक
(b) अनावर्तक
(c) आवृत
(d) प्रकर्षक

59. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है –

(a) परिच्छा
(b) परीच्छा
(c) परीक्षा
(d) परिक्षा

60. 'हुताशन' पर्यायवाची है –

(a) निर्धन
(b) अग्नि
(c) अगणित
(d) अखंड